

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ दी जाएगी विदाई, विमान से गृहग्राम पहुंचेगा शव

# आतंकी हमले में सीआरपीएफ का जवान कबीर शहीद

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

पिछले दिनों नोनिया करबल निवासी विक्की पहाड़े के शहीद हुए कुछ दिन ही बीते थे कि मंगलवार को छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ ि वकासखंड निवासी सीआरपीएफ जवान कबीर शहीद हो गया। मंगलवार को जम्मू काश्मीर के कठुआ जिले के हीरानगर के सुखल गांव में आतंकी हमले में सीआरपीएफ जवान कबीर दास ऊइके घायल हो गया। जिसकी बुधवार को इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। खबर मिलते ही उसके परिवार सहित पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मां ने नम आंखों से कहा मेरा बेटा देश के लिए शहीद हो गया है। उसने जिले ही नहीं देश का नाम रौशन किया है।

उन्होंने देश के प्रधानमंत्री से अपील की है कि जिन आंतकवादियों ने मेरे बेटे को मारा है उन्हें न छोड़ा जाए। वही पत्नी के रो-रो कर बुरा हाल है। उन्होंने भी कहा मेरे पति देश के लिए शहीद हुए है। बताया जा रहा है कि हवाई जहाज से उसका पार्थिव शरीर शाम तक पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। उसकी गृहग्राम में ही शहीद को अंतिम विदाई दी जाएगी। प्रशासन अंतिम संस्कार के पुख्ता इंतजाम कर रहा है। बताया जा रहा है कि कल शहीद को अंमिक विदाई दी जाएगी। शहीद कबीर दास ऊइके उम्र 35 साल का सन-2011 में सीआरपीएफ में चयन हुआ था। शहीद कबीर की 4 साल पहले ममता उइके से विवाह हुआ था। परिवार में एक छोटा भाई और मां है। वही दो बहनों की शादी हो चुकी है। शहीद कबीर की अभी कोई संतान नहीं है। शहीद का शव अभी घर नही पहुचा है। इस दौरान छिंदवाडा सांसद विवेक बंटी साहू ने उनके घर पहुंचकर खेद व्यक्त कर परिवार को ढांढस बंधाया है। परिवार की हर संभव मदद देने का भरोसा जताया।





### पिछले महीने भी एक जवान हुआ शहीद

बता दें कि पिछले महीने भी नोनिया निवासी विक्की पहाड़े जम्मू कश्मीर के पुछ में आतंकी हमले में शहीद हो गए थे। इसके पहले पंचशील कालोनी के अमित ठेंगे, रोहना, सर्रा, जुन्नारदेव के जवान भी शहीद हो चुके है। इन शहीदों ने छिंदवाड़ा का नाम रौशन किया है।

### गार्ड ऑफ ऑनर के साथ होगी अंतिम विदाई

शहीद कवीर दास उइके का पार्थिव शरीर सीआरपीएफ की विशेष टीम विमान से छिंदवाड़ा लेकर पहुंचेगी। इसके बाद यहां से पाथर्ि्व शरीर विशेष वाहन से उनके गृहग्राम ले जाया जाएगा। इस दौरान उन्हें जगह जगह श्रद्धांजलि दी जाएगी। इसके बाद वहां के मोक्षधाम में गार्ड ऑफ ऑनर के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।

## निगम आयुक्त ने निर्देश के बाद बारिश के पूर्व कराई जा रही नालों की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय द्वारा वर्षा ऋतु प्रारंभ होने के पूर्व शहर के नालों की सफाई कराने के निर्देश दिए है। इसके पालन में निगम के स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मालवी द्वारा विभिन्न नालों की सफाई कराई जा रही हैं। बुधवार को स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षक रामवृक्ष यादव द्वारा वार्ड क्रमांक 14 जयसवाल बार के पीछे नारियल वाले हनुमान मंदिर तक जेसीबी मशीन से नाला की सफाई का निरीक्षण किया।

## पत्नी की हत्या के आरोपी को आजीवन कारावास

**छिंदवाड़ा।** बुधवार को माननीय सत्र न्यायाधीश छिंदवाड़ा श्री जितेंद्र कुमार शर्मा द्वारा सत्र प्रकरण क्रमांक 68 /2023 में निर्णय पारित करते हुए आरोपी सुरेश उर्फ गोलू यादव पिता सुंदरलाल यादव, उम्र 35 वर्ष, निवासी ग्राम सारोठ,पुलिस थाना मोहखेड़ जिला छिंदवाड़ा को आरोपी द्वारा उसकी पत्नी श्रीमती वर्षा यादव की खाना बनाने की बात को लेकर चाकू मारकर हत्या करने का दोषी पाते हुए सश्रम आजीवन कारावास एवं 1000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है। घटना का विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 10/0 8/2023 के रात लगभग साढ़े दस बजे आरोपी सुरेश यादव उर्फ गोलू के घर में उसकी पत्नी वर्षा यादव का शव रक्त रंजित अवस्था में प्राप्त होने तथा घटना की सूचना ग्राम कोटवार महेश पटेरिया द्वारा मोहखेड़ पुलिस को 1000 डायल के माध्यम से देने के बाद जब मोहखेड़ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा ग्राम कोटवार महेश पटेरिया की सूचना पर पुलिस द्वारा देहाती नालसी,आरोपी सुरेश के विरुद्ध लेख की गई तथा इसके आधार पर पुलिस द्वारा थाना मोहखेड़ में अपराध क्रमांक 391/2023 पंजीबद्ध कर आरोपी सुरेश उर्फ गोलू यादव के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की गई। घटना के दूसरे दिन आरोपी सुरेश को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा उससे पूछताछ की गई ,पूछताछ में आए तथ्यों के आधार पर पुलिस द्वारा आरोपी के बताएं अनुसार स्थान से खून लगा हुआ चाकू तथा कपड़े जप्त किए गए। जिन्हें रासायनिक परीक्षण हेतु वैज्ञानिक प्रयोगशाला भेजा गया। पुलिस द्वारा आरोपी के भाई गोपाल यादव तथा पुत्र पवन एवं अन्य साक्षियों के कथन लेख किए गए। विवेचना के दौरान पुलिस को जानकारी लगी की अभियुक्त सुरेश शराब पीने का आदि था तथा घटना वाले दिन आरोपी द्वारा उसकी पत्नी वर्षा यादव को खाना बनाने की बात को लेकर विवाद कर चाकू से पत्नी की हत्या कर दी गई है।

## हनुमान चालीसा का हो रहा शराब दुकान के सामने पाठ

### रंगारी सापर शराब दुकान के सामने चल रहा धरना आंदोलन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सौसर

कन्हान क्षेत्र के ग्राम रंगारी सापरइन दोनों शराब दुकान हटाने को लेकर जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों के द्वारा यहां पर गांधीगिरी तरीके से निरंतर शराब दुकान के सामने बैठकर धरना आंदोलन किया जा रहा है। बुधवार को आंदोलन कर रहे ग्रामीणों के द्वारा शराब दुकान के सामने बैठकर हनुमान चालीसा ओर दीप जलाकर भजन कीर्तन कर ईश्वर का गुणगान किया जा रहा है। मंगलवार से यहां पर शराब दुकान के खिलाफ फिर चरणबद्व तरीके से आंदोलन प्रारंभ हो गया है। पुरुषों के साथ में बड़ी संख्या में परिवार के सदस्य महिलाएं बच्चे भी शराब दुकान के सामने बैठकर शांतिपूर्ण रूप से धरना आंदोलन कर रहे हैं।रँगारी सापर सरपंच नितेश ठाकरे ने बताया कि आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक शासन प्रशासन शराब दुकान हटाने को लेकर कोई सकारात्मक पहल नही करता है।नई शराब दुकान खुलने से गावं की शांति व्यवस्था भंग हो रही है. गांव मे ही शराब मिलने से युवक बच्चो के जीवन पर बुरा असर पड़ रहा है। डेढ़ महीने से शासन प्रशासन को लगातार अवगत किए जाने के बावजूद भी शराब दुकान हटाने को लेकर प्रशासन के अधिकारियों के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।14 जुन को शराब मुक्ति अभियान के तहत शराबी राक्षस का पुतला ग्राम भ्रमण कर दुकान समक्ष दहन किया जायेगा।पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष भागवतराव महाजन ने कहा कि, ग्रामीणों द्वारा मांगी गई जानकारी आबकारी विभाग ने अब तक उपलब्ध नही कराई है।इसमें दुकान की चतुर्थ सीमा के अलावा स्वीकृति आदेश एवं अन्य दस्तावेज शामिल है। प्रशासन और भाजपा के नेता सौसर क्षेत्र के गलीकूची में शराब की दुकान खुलकर युवाओं का भविष्य बर्बाद करने का काम कर रही है। शराब दुकान हटाने को लेकर अब ग्रामीण एवं महिलाओं के द्वारा आंदोलन को और तेज किया जाएगा। धरना आंदोलन को ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक स्वयंसेवी धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग मिल रहा है। हनुमान चालीसा एवं धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में विश्वनाथ ठाकरे,विजय चौधरी, नानाजी राउत, सुरेश महाजन,अनिल ठाकरे,सुरेश कडू, दिवाकर पडोळे, पंढरी राऊत, प्रदीप महाजन चोखाराम राऊत, प्रमोद ठाकरे, प्रदिप कडू आदि मौजूद थे।

## ट्रक रोके जाने से ग्रामीणों और रेत चोरों में हुआ विवाद

### दर्जनों रेत लेने आ रहे ट्रकों के शोरगुल से परेशान है ग्रामीणजन, विभाग नहीं कर रहा कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ⏭ तामिया



तामिया तहसील में प्रदेश के मुख्यमंत्री की मंशा के खिलाफ तामिया के अधिकारी रेत चोरी रोकने के बजाय रेत चोरी करवाने में ज्यादा विश्वास रखते हैं। वहीं कांग्रेस एवं भाजपा के नेताओं की भी रेत चोरी में मधुर जुगलबंदी बनी हुई है जो रेत चोरी करवाने में महत्वपूर्ण कड़ी साबित हो रही है। राजस्व की नदियों में रेत खत्म होने की स्थिति में कुर्सी ढाना बागई सालढाना नवरी टोला जामुन ढोंगा शाहित क्षेत्र केजंगल की नदियों से रेत चोरी की लगातार कर रहे है। लेकिन अब नदियों में रेत की कमी और वर्तमान में रेत की मांग ज्यादा होने के कारण रेत के भाव ऊंचे दाम पर पहुंच गए हैं। इसीलिए अब रेत चोरों में भी विवाद की स्थिति निर्मित होने लगी है। बीती रात लगभग 12:00 बजे रेत के वाहनों के शोर से ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इसी से क्षुब्ध होकर बीती रात ग्रामीणों ने रेत ले जा रहे ट्रक क्रमांक एमपी 51 जी 1285 को भाडी ग्राम स्थित प्रतीक्षालय के सामने रेत के ट्रक को रोका तो बीच सड़क पर ग्रामीणों के बतलाये अनुसार विवाद की स्थिति निर्मित हुई जो रेत के ट्रक को कांग्रेस नेता ने रेत चोरी के लिए किराए पर ले रखा है। उसकी बाहर के पासिंग नंबर होने से विवाद की स्थिति और वढी की बाहर के ट्रक आकर हमारे ग्राम में चोरी के साथ साथ हमारे दैनिक जीवन में खलल पैदा कर रहे हैं। ग्रामीण एवं रेत चोरों के बीच में विवाद को सुलझाने एवं रेत चोरों में समझौता और भविष्य मै रेत के बाहन से शोर ना किया जाएगा। इस शर्त पर मामला शांत हुआ। वहीं ग्रामीण ने बतलाया कि हमें मालूम है की रेत चोरों को अधिकारियों का खुला संरक्षण मिला हुआ है। इसलिए शिकायत करने में कोई फायदा नहीं। हिदायत देने में फायदा ज्यादा है। लेकिन बीती रात रेत के ट्रक को रोके जाने को प्रशासन को गंभीरता से लेकर आने वाले समय में किसी बड़े विवाद की स्थिति निर्मित ना हो इस पर पुलिस को भी ध्यान देना चाहिए। ग्राम खुटटी के जंगल की नदी में कट्टा रिवाल्वर भी निकल चुका हैं। फायर होने की बात भी सामने आई थी तब तत्कालीन पुलिस कट्टा निकालने वालों की पिटाई कर मामला शांत किया था। प्रशासन के संरक्षण के चलते इन रेत चोरों ने बागई के सामुदायिक भवन के सामने रेत का अवैध भंडारण कर उसकी बाउंड्री बाल तोड़ दी। लेकिन सब इसलिए चुप है कि रेत चोरों को अधिकारियों का संरक्षण है। इसलिए इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर सकता है तो गरीब ग्रामीण शिकायत क्या करेंगे? इन सब बातों पर गौर कर कर भविष्य में किसी बड़े विवाद की होने वाली स्थिति को रोकने बीती रात की घटना से सबक लेना चाहिए इस प्रकार की स्थिति दोबारा निर्मित ना हो।

## आतंकवाद के खिलाफ बजरंग दल ने किया पुतला दहन

**छिंदवाड़ा।** जम्मू कश्मीर में धार्मिक यात्रा पर निकले हिन्दू श्रद्धालुओं पर माता वैष्णों देवी कटरा से शिवखेडी दर्शन को जाते समय 9 जून को इस्लामिक जेहादी पाकिस्तान पोषित आतंकवादियों ने घात लगाकर शिव खेडी के निकट बस के ऊपर अंधाधुंध गोलीबारी कर बस चालक सहित 10 तीर्थ यात्रियों की हत्या करदी। साथ ही 11 जून की रात्री कठुआ जिले मे आतंकी हमला हुआ जिसमे छिंदवाड़ा के सी आर पी एफ के वीर जवान कबीर जी शहीद हुए।जिससे देशभर में भारी आक्रोश व्याप्त है,हिन्दू तीर्थ यात्रियों की हत्या के विरुद्ध आज बजरंग दल द्वारा पाकिस्तान पोषितइस्लामिक जेहादी आतंकवाद का पुतला फूंका और महामहिम राष्ट्रपति के नाम प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया जिसमे मुख्य रूप से विहिप प्रांत धर्म प्रसार सदस्य अजय बंदेवार, विहिप विभाग मंत्री ऋषिराज सिंह बैस, सहमंत्री नकुल विश्वकर्मा, गौरक्षा प्रमुख गुड्डा रघुवंशी, धर्म प्रसार विभाग सयोजक प्रशांत छोटू पाल, विभाग बजरंगदल शैलेष यदुवंशीविहिप जिला अध्यक्ष अरविंद प्रताप सिंह, जिला सह मंत्री रुपेश लांजीवर, बजरंग दल जिला संयोजक गौरव सेन, सह संयोजक निर्भय पटेल, नितेश पटेल, सुरक्षा प्रमुख आकाश कहार पिल्लू, देशराज सूर्यवंशी, बजरंगदल नगर संयोजक रविराज भारद्वाज, बजरंग नगर अंशुल यादव नगर सहसंयोजक आशीष सिंगारे, अक्षत परसाई,अनुराग,निखिल, आनंद,सचिन श्रीवास , राजेश डेहेरिया, प्रखंड सयोजक संदीप यादव, नगर सुरक्षा प्रमुख अमन सहारे एवं सैकड़ो बजरंगी उपस्थित रहे।

## जनचेतना मंच ने वृद्धों को बांटी निशुल्क वाकिंग स्टिक



हरिभूमि न्यूज ⏭ पांढुर्णा

पांढुर्ना विकासखंड के ग्राम मारुड में ग्राम की समाजसेवी संस्था जनचेतना मंच ने ग्राम के अनेक वृद्धजनों को वाकिंग स्टिक वितरीत की। जनचेतना मंच ने पाया कि मारुड एवं आस पास के ग्राम घुडनखापा एवं वाकोरा के अनेक वृद्धजनों को पैदल चलने के लिए स्टिक की जरूरत है। बिना लाठी के ठीक से चलने फिरने में इन्हें दिक्कत होती है। वितरित की गई वाकिंग स्टिक का कुल खर्च गावंडे लोक सुविधा केन्द्र के संचालक विनोद गावंडे ने वहन किया। कुल जनचेतना मंच ने 250 स्टिक बांटने का लक्ष रखा गया है। आज 100 से अधिक वृद्धजनो को वाकिंग स्टीक प्रदान की गई। वाकिंग स्टीक प्राप्त कर वृद्धजनो ने प्रसन्नता व्यक्त की। इस अवसर पर विनोद गावंडे ने बताया कि पिछले दिनों ग्राम का एक बुजुर्ग देसी लकडी के सहारे चलता था। लेकिन एक बार संतुलन खोने पर यह लाठी बुजुर्ग को चुभ गई और उसे चोट पहुंची। इस बात से आहत होकर विनोद गावंडे ने निजी खर्च पर ग्राम के जरूरत मंद वृद्धजनों को लोगो निशुल्क वाकिंग स्टिक बांटने का निर्णय लिया।

### आरपीएफ पुलिस ने किया मामला शांत, पातालकोट से सुबह किया गया रवाना

## रेलवे स्टेशन में सैकड़ों यात्रियों के बीच जमकर हुआ हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छिंदवाड़ा

बीती रात रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के बीच रात दो बजे तक जमकर हंगामा हुआ। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल द्वारा यात्री ट्रेनों से पहले मालगाड़ियों को प्राथमिकता देने से यात्रियों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोमवार रात नैनपुर से छिंदवाड़ा आने वाली पैसेंजर ट्रेन को दो घंटे तक झिलमिली स्टेशन पर रोक दिया गया। जबकि इस ट्रेन में 200 से अधिक यात्रियों ने पेंचेवेली पैसेंजर में भोपाल और इंदौर तक के लिए यात्रा करने के लिए टिकट ले रखा था। इसमें कई यात्री परीक्षार्थी थे, जिन्हे भोपाल और इंदौर में परीक्षा देनी थी। पेंचवेली ट्रेन छूट जाने से यात्री आक्रोशित हो गए। उन्होंने पहले झिलमिली रेलवे स्टेशन में हंगामा किया, स्टेशन प्रबंधक के ऑफिस में घुस गए और विरोध दर्ज कराया। इसके पश्चात रेलवे स्टेशन छिंदवाड़ा पहुंचने पर नारेबाजी शुरू कर दी। कई यात्री रेलवे ट्रैक पर बैठ गए। रेलवे स्टेशन के प्रथम स्थल पर बने पैनल रूम में घुस गए और जमकर हंगामा किया। रात 2:00 बजे तक हंगामा होता रहा। हालांकि मौके पर पहुंचे आरपीएफ टीम ने किसी तरह से मामला शांत कराया। मंगलवार सुबह सभी यात्रियों को पातालकोट एक्सप्रेस से भोपाल के लिए रवाना किया।

**यह है पूरा मामला** - प्रतिदिन नैनपुर से पैसेंजर ट्रेन छिंदवाड़ा रात 9.30 बजे पहुंचती है। इस ट्रेन में नैनपुर, सिवनी से सैकड़ों यात्री सीधे भोपाल, इंदौर की टिकट लेते है और पेंचवेली एक्सप्रेस से जाते है। सोमवार रात यह ट्रेन सही समय पर झिलमिली पहुंच गई थी। लेकिन रेलवे ने छिंदवाड़ा से सिवनी की तरफ मालगाड़ी को रवाना कर दिया। इसके बाद इतवारी से रीवा एक्सप्रेस भी पहुंच गई और वो भी छिंदवाड़ा से सिवनी के लिए रवाना कर दिया गया। ऐसे में नैनपुर छिंदवाड़ा पैसेंजर लगभग दो घंटे झिलमिली स्टेशन पर ही रुकी रही। छिंदवाड़ा रात 11.30 बजे पहुंची। जिससे यात्रियों को पेंचवेली एक्सप्रेस नही मिल पाई। यात्रियों में कई ऐसे भी लोग थे जो परिवार के साथ थे, और कई ऐसे थे जिनकी परीक्षा भोपाल, इंदौर में थी। इतवारी से छिंदवाड़ा पैसेंजर भी देरी से पहुंची इतवारी से प्रतिदिन दोपहर साढ़े तीन बजे पैसेंजर ट्रेन छिंदवाड़ा के लिए रवाना होती है। यह ट्रेन भी सोमवार रात काफी देरी से छिंदवाड़ा पहुंची।


IPS COLLEGE
NEW SUBJECT COMBINATION
First time ever in the history of Higher Education IPS College, Chhindwara Introduces....
100% Placement Assistance
ESTD-2001 Service the Education Past 23 Year
B.C.A. With DATA SCIENCE CERTIFICATION
B.B.A. With DATA ANALYTICS CERTIFICATION
B.A. With DATA ANALYTICS CERTIFICATION
B.Com. With DATA ANALYTICS CERTIFICATION
M.Com With DATA ANALYTICS CERTIFICATION
M.Sc.CS With DATA SCIENCE CERTIFICATION
Biotechology B.Sc. & M.Sc. With Industry Ready Program
Microbilogy B.Sc. & M.Sc. With Industry Ready Program
Excellent Placement Record 97528-80383
In front of S.A.F. Gate, Parasia Road, Chhindwara
Mob.- 9329280383
www.ipschw.com

## नगर पालिका ने रविशंकर शाला में आयोजित की प्रतियोगिता

# पानी बचाने बच्चों ने लिखे निबंध, बनाए चित्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया



जल संरक्षण को लेकर नगर पालिका ने आज रविशंकर स्कूल में निबंध और ड्राईंग प्रतियोगिता का आयोजन किया । बच्चों ने पानी बचाने और पर्यावरण संरक्षण के लिए निबंध लिखे और चित्र बनाए । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय और उपाध्यक्ष, सभापतियों ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण को लेकर जागरुक किया । नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय, उपाध्यक्ष महेश सोमकुंवर, सभापति पवन सूर्यवंषी ,आशीष जायसवाल, प्राचार्य शैलेंद्र शर्मा और स्टाफ इस अवसर पर उपस्थित रहे। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर जानकारी दी । बारिश के पानी को संरक्षित करने की जानकारी दी । विद्यार्थियों को सोक पिट की जानकारी भी दी गई । सभी से बारिश के पानी को संरक्षित करने और जल स्तर बढाने के लिए आग्रह किया गया । विद्यार्थियों ने इस अवसर पर अपनी बात रखी। एक छात्रा ने कहा कि राजस्थान में लडकियां इसलिए नहीं पढ़ पाती क्योंकि उनका समय पानी लाने में ही जाता है । अन्य विद्यार्थियों ने भी पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण को लेकर अपने विचार व्यक्त किए।

## कुआं, तालाब, नदी, बावड़ी, हैंडपंप आदि में की जा रही है साफ-सफाई



**बिछुआ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जल संरक्षण और जल संवर्धन के लिए कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी नगरीय निकायों और ग्रामों में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 16 जून तक जारी रहेगा। इस अभियान के अंतर्गत जल संवर्धन और जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों कुआं, तालाब, नदी, बावड़ी, हैंडपंप आदि की साफ-सफाई भी जन सहयोग से की जा रही है। इसी कड़ी में जनपद पंचायत बिछुआ की ग्राम पंचायत अंबाड़ी में निस्तारी तालाब का जीर्णोंध्दार व साफ-सफाई कार्य व ग्राम पंचायत चकारा में हैण्डपम्प के आस-पास सफाई कार्य किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता में गुरुकुल के विद्यार्थियों ने दिखाया जौहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा





उच्च शिक्षा एवं उत्तम संस्कार के लिए ख्याति प्राप्त श्री शक्ति ट्रस्ट द्वारा संचालित संत श्री आशारामजी गुरुकुल के विद्यार्थियों ने गेमीफाइड अंतर्राष्ट्रीय गीता ओलंपियाड में प्रदेश में प्रथम और तृतीय स्थान प्राप्त कर जिले को गौरान्वित किया । यह प्रतियोगिता केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की गई थी । प्रतियोगिता ऑनलाईन सम्पन्न हुई । प्रतियोगिता में विश्व के बहुत से देशों के विद्यार्थियों ने भाग लिया । जिसमें 11 वीं कक्षा के भगत गणेश पिता श्री भगवान ( मुंबई ) ने प्रथम तथा 10 वीं कक्षा के शौर्य तिवारी पिता विपिनचन्द्र तिवारी ( मुंबई ) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । इस अवसर पर गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर ने बताया कि यह पहला अवसर नहीं है कि गुरुकुल के अध्ययनरत विद्यार्थियों ने कोई अंतर्राष्ट्रीय या राष्ट्रीय प्रतियोगिता जीती हैं । ऐसा अनेको बार कई अन्य प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रतियोगिता जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है । इसी कारण यहां प्रतिवर्ष दाखिला हेतु भीड़ लगी रहती हैं । इस खुशी के पल पर खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई , गुरुकुल की संचालक दर्शना खट्टर , प्रबंधक डॉ. सुशील सिंह परिहार , छात्रावास प्रभारी सोमनाथ पवार , प्राचार्या प्रिया सिंह , संस्कृत विभाग प्रभारी माया जायसवाल ने विद्यार्थियों को शुभाशीष प्रदान किया ।

## सायखेड़ा में नकुलनाथ के निधि से हो रहा सौंदर्यकरण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

ग्राम पंचायत सायखेड़ा में मंगलवार को डॉ बाबासाहेब आंबेडकर पूतले पास का सौंदर्यीकरण का हुआ भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। मिली जानकारी के अनुसारग्राम सायखेडा में पुर्व सांसद नकुलनाथ कि सांसद निधि से डा बाबासाहेब आंबेडकर के पुतले के पास का सौंदर्यीकरण हेतु राशि स्वीकृत कि गई थी। जिसका भूमिपूजन सरपंच श्रीमती संगीताबाई ठाकरे,ग्राम सचिव मनोज उईके के हस्ते किया गया।लंबे समय से ग्रामीणों के द्वारा डॉ बाबासाहेब अंबेडकर के प्रतिमा परिसर और आसपास के स्थान पर सौंदर्य करण करने की मांग की जा रही थी। जिसे पूर्व सासद नकुलनाथ के निधि से पूरा किया जा रहा है। भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती ठाकरे ने कहा कि पंचायत के द्वारा ग्राम के सर्वांगीण विकास को लेकर सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत ग्राम का विकास एवं नगर में विभिन्न निर्माण कार्य किया जा रहे हैं।भूमिपूजन कार्यक्रम में बन्डू गोलाईत कामराज गोलाईत सुखदेव बागडे, लांडगे गुरुजी, पद्ममा गोलाईत बयांबाई ठवरे, हिरामन गोलाईत, मनोज गोलाईत, राजेन्द्र गोलाईत, प्रेमदास वाघमारे, दिलीप ठाकरे, दीपक नाईक, हेमराज सोनेकर, रूपराज सोनेकर, के द्वारा सांसद निधि से हो रहे निर्माण कार्य पर पूर्व सांसद नकुलनाथ एवं विधायक विजय चौरे का आभार व्यक्त किया।

## 12वीं, आईटीआई विद्यार्थी को मिलेगी नौकरी

**जुन्नारदेव।** शासकीय आईटीआई जुन्नारदेव में 14.06.2014.को आयसार वाल्वो पीथमपुर द्वारा कैंपस इंटरव्यू लिया जा रहा है। जिसमें आईटीआई पासआउट टेक्निकल ट्रेड फिटर.एवम 12th पास छात्र, छात्रा शामिल हो सकते है। इनका चयन कर रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा।कैंपस इंटरव्यू में पात्रता केवल 12वीं या12वीं आई.टी.आई. आई.टी.आई डीजल मैकेनिक, ट्रेक्टर मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, टर्नर, वेल्डर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक, इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक ट्रेडस,उम्र 18-26 वर्ष (26 वर्ष से ऊपर वालो को नहीं लिया जाएगा।

## नमामि गंगे अभियान कोपरावाड़ी खुर्द में हो रहे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



मंगलवार को ग्राम पंचायत कोपरावाड़ी खुर्द मेँ नमामि गंगे अभियान अंतर्गत पूरे ग्राम की सफाई और नाडेप निर्माण कार्य पुराने तालाब का नवीनीकरण कार्य सार्वजनिक कूप की सफाई आदि कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत की ओर से किये गए। ग्राम पंचायत सचिव नंदकिशोर गजभिये के द्वारा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक ग्रामीणों को लाभ दिलाने को लेकर ग्राम पंचायत के द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। सरपंच अनिल परतेती, उपसरपंच चंद्रशेखर सोमकुवर ने कहा कि प्रदेश और केंद्र की सरकार ग्राम पंचायत के विकास को लेकर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है जिसका लाभ हितग्राहियों ने लेना चाहिए।पंचायत के द्वारा ग्रामीणों महिलाओं पुरुषों युवाओं बुजुर्गों को योजनाओं का लाभ मिले इस उद्देश्य को लेकर मार्गदर्शन शिविर का भी आयोजन किया जाता है। साथ ही ग्राम को साफ सुथरा रखने,बिजली पानी की बचत,एवं शौचालय का ही ग्रामीणों के द्वारा उपयोग किया जाए इसको लेकर भी जन जागरण निरंतर किया जा रहा है।ग्राम सचिव नंदकिशोर गजभिये, कोटवार सुरेश पाटिल, सहायक सचिव प्रियंका बागडे,वंदना रागासे,पूरन धुर्वे, मदन धुर्वे, सुशील टेकाम,छोटू टेकाम के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## कलेक्टर एसपी ने नमामि गंगे अभियान के तहत किया पौधरोपण



**जुन्नारदेव।** नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत बुधवार को जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह, एसपी मनीष खत्री, जिला पंचायत सीईओ पार्थ जायसवाल ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर जुन्नारदेव विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गोप के ग्राम भीमकुंड, बिलावरखुर्द, विशाला में पौधारोपण कर तालाब संरक्षण के उद्देश्य से तालाब गहरीकरण में श्रम दान भी किया। ग्राम पंचायत के बाद शहर के वार्ड क्रमांक 3 में स्थित बावली का निरीक्षण कर पौधारोपण किया और परिसर में ही स्थित काल भैरव मंदिर में पूजन किया। इस दौरान पूर्व विधायक नथन शाह कवरेती, जनपद अध्यक्ष सबिता बोसम, नगर पालिका जिला उपाध्यक्ष अध्यक्ष रमेश सालोडे जिला भाजपा उपाध्यक्ष योगेश साहू अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन,एसडीएम कामिनी ठाकुर, सीईओ जनपद रश्मि चौहान, नायब तहसीलदार राजेश नेमा, सीएमओ भारत गजबे, नपा उपाध्यक्ष सोनिया कुमरे, पार्षद संजय जैन, अमित यादव, राजेंद्र सूर्यवंशी, सहित नपा और जनपद के कर्मचारी मोजूद रहे। बावली के निरीक्षण और पौधारोपण के दौरान जिला कलेक्टर शीलेंद्र सिंह को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे ने बावली के जीर्णोद्धार के लिए देव भूमि बावली के जीर्णोद्धार हेतु अनुमति मांगी कलेक्टर सहमति जताते हुए प्रस्ताव भेजने के लिए कहा। इस दौरान नपा के पार्षद और सभापति सहित नपा का आमला मोजूद था।

## कलेक्टर साहब कहां गई जांच रिपोर्ट ...

# पीएम आवास योजना शहरी में कथित घोटाला, हितग्राही आज भी परेशान

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



राज्य सरकार का सर्वोच्च अधिकार संपन्न प्रतिनिधि, प्रथम लोक-सेवक यानी कलेक्टर, इस पद का नाम सुनकर ही तमाम विभागों के अफसर और कर्मचारी सहम जाते है. सरकार से मिली पदेन शक्तियों को देखते हुए ही किसी भी जिले के कलेक्टर के पास हर दिन ना जाने कितनी ही शिकायतें और फरियाद जाती है. हर शिकायतकर्ता और फरियादी को उम्मीद होती है कि कलेक्टर शिकायतों का निराकरण और फरियाद पर विचार करेंगे. बालाघाट जिले के कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा से भी यहीं उम्मीद की गई थी. मगर, वह कटंगी शहर के पीएम आवास योजना के हितग्राहियों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाए. दरअसल, नगर परिषद कटंगी में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में कथित तौर पर बड़ा घोटाला हुआ है. यहां पर पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को करीब 05 सालों से तीसरी किस्त नहीं मिली है. अखबारों के माध्यम से जब इस पूरे मामले को उजागर किया गया तब कलेक्टर ने स्वतः मामले को संज्ञान में लेते हुए करीब 01 माह पहले 18 सदस्यों का एक जांच दल गठित करवाया था और सप्ताह भर के भीतर 08 बिंदुओं के आधार पर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे. मगर, यह जांच पीएम आवासों का भौतिक सत्यापन के बाद से अटकी पड़ी है. कलेक्टर शायद निर्देश देने के बाद भूल गए कि उन्होंने अपने मातहत कर्मचारियों को कोई जांच के आदेश भी दिए थे. किंतु जनता को सब याद है वह कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा से पूछ रही. साहब, जांच रिपोर्ट कहां है।

नगर परिषद कटंगी में कथित तौर पर पीएम आवास योजना शहरी में बड़ा घोटाला हुआ है. जिस कारण वर्ष 2018-19 में जिन हितग्राहियों को आवास योजना का लाभ दिया गया. उन हितग्राहियों को आज तक तीसरी किस्त नहीं मिली. नगर परिषद में इस घोटाले को पीएम आवास योजना के नोडल अधिकारी उपयंत्री राजेश चौकसे, तत्कालीन सीएमओ और लेखापाल अशोक दुबे ने मिलकर अंजाम दिया है. ऐसा अनुमान आज भी लगाया जा रहा है. क्योंकि जब भी पीएम आवास योजना के हितग्राही तीसरी किस्त के लिए नगर परिषद कटंगी कार्यालय जाते तो यह उपयंत्री और लेखापाल हितग्राहियों से कहते कि सरकार से पैसा नहीं मिला है. जबकि नगरीय निकाय एवं आवास विभाग के वरिष्ट अधिकारियों ने बताया कि नगर परिषद को हितग्राही वार राशि आवंटित की जा चुकी है. खैर, जांच की बात की जाए तो जांच दल के सदस्यों ने बताया कि भौतिक सत्यापन कर लिया गया है. जिसके बाद दस्तावेजों की जांच के लिए नगर परिषद से दस्तावेज मांगे गए थे परंतु नगर परिषद ने अब तक दस्तावेज नहीं दिए है. जिस कारण जांच अपूर्ण है और एक सप्ताह के भीतर पेश की जाने वाली जांच रिपोर्ट करीब 1 माह बाद भी कलेक्टर के पास नहीं पहुंच पाई है।

गौरतलब हो कि नगर परिषद के पीएम आवास योजना के नोडल अधिकारी उपयंत्री राजेश चौकसे और मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव जांच दल को दस्तावेज मुहैया नहीं करवा रहे है. जिस कारण जांच प्रभावित होते दिख रही है. आपको बता दें कि उपयंत्री राजेश चौकसे और लेखापाल अशोक दुबे पर योजना की राशि में हेर-फेर का संदेह जाहिर करते हुए अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े ने बालाघाट कलेक्टर से सबसे पहले उपयंत्री को हटाने की मांग की थी. उन्होंने कहा था कि वह जांच को प्रभावित कर सकते है. अधिवक्ता संजय खोब्रागड़े की यह बात आज सच साबित होते दिख रही है. इधर, पीएम आवास योजना के हितग्राहियों को केवल तारिख-पर-तारिख मिल रही है. तीसरी किस्त का पता नहीं है।

आपको बताना जरूरी है कि नगर परिषद ने जिन हितग्राहियों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया है. मगर, किसी कारणवश वह हितग्राही समय पर आवास का निर्माण शुरू नहीं कर पाए या जिन्होंने कार्य शुरू भी कर दिया है ऐसे हितग्राहियों को भी आरआरसी का नोटिस नियम विरुद्ध सीधे थमा रही है. नगर परिषद ने हितग्राहियों को आवास शुरू करने का पहले कोई नोटिस नहीं दिया. नगर परिषद ने वसूली के लिए तहसीलदार छवि पंत की न्यायालय को कई हितग्राहियों के नामों की सूची सौंपी जिसमें अधिकांश हितग्राहियों ने बताया कि आवास का कार्य प्रारंभ है नगर परिषद जियो टैग नहीं कर रही है जिस कारण उनकी राशि नहीं आने की बात बताई जा रही है और पीएम आवास का कार्य अपूर्ण है. बहरहाल, कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा को चाहिए कि वह तत्काल इस मामले को फिर संज्ञान में ले और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के साथ ही पीएम आवास योजना की हितग्राहियों को तीसरी किस्त मुहैया करवाएं।

## सहायक जेल अधीक्षक के 414 और जेल प्रहरी के 2264 चयनितों की शारीरिक जांच व प्रवीणता टेस्ट 2 से 7 जुलाई के बीच

**बालाघाट।** मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल प्रहरी पदों के लिए 25 मई 23 से 20 जून 23 के बीच लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसके परिणाम 14 मार्च 2024 को घोषित किये गए। अब जुलाई में सहायक जेल अधीक्षक और जेल प्रहरी के पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों के द्वितीय चरण की परीक्षा आयोजित होनी है। द्वितीय चरण की परीक्षा मेबशारीरिक जांच व प्रवीणत्ता टेस्ट होगा। प्रथम चरण में चयनित उम्मीदवारों का शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट मोतीलाल नेहरू पुलिस स्टेडियम भोपाल में 02 जुलाई से 07 जुलाई 2024 तक आयोजित किया जाएगा। जिसका विस्तृत विवरण मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल की वेबसाइट www.esb.mp.gov.in पर उपलब्ध है। सफल अभ्यर्थी वेबसाइट पर उपलब्ध प्रपत्रों को निकालकर नियत तिथि पर आवश्यक दस्तावेजों एवं जानकारी सहित शारीरिक नापजोख एवं प्रवीणता टेस्ट के लिए उपस्थित हो सकते हैं।उल्लेखनीय है कि प्रथम चरण की परीक्षा में सहायक जेल अधीक्षक के 33 पद एवं जेल प्रहरी के 200 पदों के लिए मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल भोपाल द्वारा क्रमशः 414 एवं 2264 अभ्यर्थियों को द्वितीय चरण के लिए पात्र पाया गया।

### विद्युत उपभोक्ता अपनी समस्याओं के लिए इन नम्बरों पर कर सकते हैं कॉल

## विद्युत संबंधी आपदा प्रबंधन नियंत्रण के लिये विद्युत मंडल ने बनाया कन्ट्रोल रूम

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

कार्यपालन अभियंता (संचा / संधा) संभाग म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. वारासिवनी के निर्देशन में अस्थाई कॉल सेंटर की स्थापना की गई हैं। जिसमें बरसात के दिनों में होने वाली आपदा के शीघ्र निराकरण हेतु विद्युत विभाग ने जिला स्तर एवं तहसील स्तर पर 24 घंटे तीनों शिफ्ट में फोन अटेंड कर शिकायत सुनने एवं दर्ज कर संबंधित अधिकारी को अवगत कराने एवं निराकरण पश्चात उपभोक्ता को अवगत कराने के लिये फोन कॉल हेतु आपरेटर की व्यवस्था की गई है।

पीक लोड आवर के साथ मौसम के कारण संभावित विद्युत व्यवधान को देखते हुये विद्युत विभाग वारासिवनी (उपसंभाग) के नोडल अधिकारी सहायक अभियंता मुकेश कुमार जाधव जिनसे सम्पर्क हेतु मोबाईल नम्बर 9425806295 एवं विद्युत विभाग कटंगी (उपसंभाग) के नोडल अधिकारी सहायक अभियंता राजीव रंजन जिनसे सम्पर्क हेतु मोबाईल नम्बर 9425806296 है। सभी उपभोक्ता उक्त मोबाईल नम्बर के अलावा अपनी शिकायत अस्थाई कॉल सेंटर में वारासिवनी 9425807855, रामपायली 9425807875, लालबर्रा 9425807915, वारासिवनी, सावंगी, रामपायली, खैरलांजी एवं डोंगरमाली लालबर्रा एवं अमोली के लिए लाईनमेन बाबूलाल पटले 9424943146 एवं कटंगी 9425808030, बोनकट्टा कटंगी, उमरी एवं कोचेवाही, बोनकट्टा एवं तिरोडी मूलाजी ठाकरे 9752477582 पर दर्ज करा सकते है। उपभोक्ता सामान्यतः पूर्व की तरह 1912 कॉल सेंटर पर शिकायत दर्ज करायेगा, जिसमें विशेष परिस्थितियों में उपभोक्ता इस अस्थाई कॉल सेंटर की सुविधा ले सकता है।

## हादसाः स्कार्पियो ने बाइक सवार को मारी टक्कर, बुजुर्ग महिला सहित दो हुए घायल

हरिभूमि न्यूज लांजी।



लांजी नगर अन्तर्गत नीमटोला में 12 जुन 2024 को समय शाम 4 बजे के करीब एक सडक़ दुर्घटना प्रकाश में आई है जहां स्कार्पियों के द्वारा मोटर सायकल को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें तीन लोग घायल हो गये जिनका उपचार सिविल अस्पताल लांजी में जारी था। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कनेरी निवासी गोरूलाल घोरमारे उम्र 55 वर्ष, रामबत्ती घोरमारे उम्र 50 वर्ष तथा हुलास गोरडे उम्र 32 वर्ष लांजी मे बैंक का कार्य पूर्ण कर अपनी मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 एम एस 9319 से वापस अपने ग्राम कनेरी जा रहे थे दुसरी ओर से स्कार्पियों वाहन क्रमांक एमपी 50 बीसी 1297 रिसेवाड़ा से लांजी की ओर आ रहा था मोटर सायकल जैसे ही नीमटोला पंहुची उसी दौरान स्कार्पियों वाहन के चालक ने तेज गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये मोटर सायकल को जोरदार टक्कर मार दी जिसमें सवार तीनों लोगा गंभीर रूप से घायल हो गये जिन्हे स्थानीय लोगो के द्वारा 108 एंबुलेंस की सहायता से सिविल अस्पताल लांजी पंहुचाया जहॉ उपस्थित डॉ गिरीया के द्वारा घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। घटना में मोटर सायकल मे सवार एक महिला रामबत्ती बाई तथा गोरूलाल घोरमारे, हुलास गोरडे को गंभीर चोटे आई है। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा उक्त घटना की जानकारी लांजी पुलिस को तहरीर के मार्फत दी गई।

## बौद्ध भंतों ने कटंगी में दी धम्मदेसना और धम्म प्रवचन

**बुद्ध का अर्थ है मानवता का प्रतीक बोले-भंते संघरत्न मानके**

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** बौद्ध अनुयाईयों के विशेष आह्वान पर बुधवार को धम्मदूत जगत विख्यात भंते संघरत्न मानके जापान से कटंगी पहुंचे. यहां उन्होंने बौद्ध अनुयाईयों को प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार में धम्म देसना और धम्म प्रवचन दिया. इस दौरान भंते धम्म शिखर और भंते आनंद भी मौजूद रहे. बौद्ध भिक्खुओं ने सबसे पहले बस स्टैंड स्थित संविधान शिल्पकार डॉ बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. जिसके बाद उमरी रोड़ स्थित प्रज्ञा दीप बौद्ध विहार में परित्राण पाठ, धम्म देशना और धम्म प्रवचन का आयोजन हुआ. वहीं इस अवसर पर कक्षा दसवीं और बारहवीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया. भंते संघरत्न मानके ने राजकुमार सिद्धार्थ से तथागत गौतम बुद्ध बनने के सफर को विस्तार से समझाया और विहार में स्थापित बुद्ध प्रतिमा के आधार पर बुद्ध का बौद्ध अनुयाईयों के जीवन में क्या महत्व है इसे समझाया. उन्होंने बुद्ध जिस कमल पर विराजमान है उसके महत्व से लेकर तथागत के सिर पर जलने वाली अग्नि रुपी तृष्णा को बाहर निकालकर ज्ञान प्राप्त करने की विधि बताई. उन्होंने कहा तथागत गौद्ध बुद्ध मानवता के प्रतीक है. विश्व में मानव जाति और प्रकृति के लिए करूणा, शील और प्रज्ञा का होना जरूरी है।

## खुले में बेच रहे मांस, मछली, मुर्गा दुकानों पर की लांजी नपा ने चालानी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज लांजी।



मध्यप्रदेश शासन द्वारा खुले में मांस मछली विक्रय प्रतिबंधित किये जाने के आदेश के पालन में नगर परिषद् अधिकारी एवं बालाघाट कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर खुले में मांस-मछली विक्रय करने वालों पर नगर परिषद के अमले द्वारा मंगलवार को खुले मे बेच रहे मांस मछली मुर्गा दुकानों पर कार्यवाही की है। वही सब्जी मंडी लांजी में लगे मांस मछलियों के सभी दुकानों पर चालानी कार्यवाही करते हुए अर्थदंड वसूला है। व अंतिम चेतावनी देकर छोड़ दिया गया।विदित रहे कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने प्रदेश मे खुले रूप से मांस मछली की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।जिसके बाद नगर मे भी नपा द्वारा लगातार कार्यवाही करते हुए खुले मे मांस मछली पर प्रतिबंध लगाकर दुकानों को बंद करवा दिया था। लेकिन मांस मछलियों के दुकानदारों के द्वारा खुले मे मांस मछली बेची जा रही थी जिसको लेकर मंगलवार 12 जून को नगर परिषद के अमले द्वारा कार्यवाही की गई। नपा सीएमओ कन्हैया लाल टेकाम ने बताया की मंगलवार को सालेटेकारी रोड में स्थित सब्जी मंडी में लगने वाली मांस मछली की दुकानों से उच्च अधिकारियों के आदेशों पर चालानी कार्यवाही की गई और उन्हें अंतिम चेतावनी दी गई है।इस दौरान कार्यवाही मे नगर परिषद राजस्व से आकाश महोबिया, विनोद रहमतकर ,संजय भंडारकर, शैलेंद्र पांडे मौजूद रहा।

# कोतवाली पुलिस ने पकड़ा अवैध शराब का जखीरा

## शराब तस्करो से 120 लीटर शराब एवं दो मोटरसाईकल जप्त

**जिले में लगातार बडी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी पर अंकुश एवं नियंत्रण करने के लिये पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा समय समय पर निर्देशित किया जाता है। जो अति.पु. अधी. जी.डी. शर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) महोदय श्रीमति पूजा पाण्डे द्वारा लगातार इस संबंध मे मार्गदर्शन प्राप्त होता रहा है इसी तारतम्य में पूर्व के मुताबिक थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी के नेतृत्व में अवैध शराब बेचने वालो पर नियंत्रण हेतु टीम गठित की जाकर कार्यवाही की गई ।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

इस संबंध मे बुधवार को शहर के विभिन्न शराब तस्करी से संबंधित स्थानो पर टीमें लगी थी मुखबिर सूचना के आधार पर



खैरीटेक बायपास के पास पल्सर मोटर साईकल में सवार दो व्यक्तियो से एवं रेल्वे स्टेशन रोड पर मोटर साईकल पर सवार दो व्यक्तियो से अलग अलग चार कुप्पीयो मे एवं ब्लाडर मे भरी अवैध शराब देशी मदिरा अलग अलग 60-60 लीटर शराब जप्त की गई। जिस पर थाना कोतवाली मे अपराध क्रमांक 444/24 एवं 445/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के प्रकरण कायम किये गये। जप्त संपत्ति मे 01 कच्ची महुआ की देशी शराब मदिरा 60 लीटर कीमति 6000 एवं मोटर साईकल पल्सर एमपी 22 एमएच 31 डीडी 7029 कीमति 32000 (आरोपी दुर्गाप्रसाद एवं संदीप उइके से जप्त) कच्ची महुआ की देशी शराब मदिरा 60 लीटर कीमति 6000 रूपये एवं मोटर साईकल हीरो स्पलेडर एमपी 22 एमएम 4178 कीमति 35000 (आरोपी सुशील एवं धर्मेन्द्र धुर्वे से जप्त) कुल जप्ती 79000रूपये किये गये।

उल्लेखनीय है कि आरोपी के द्वारा वर्तमान में शराब तस्करी हेतु ब्लाडर/ट्यूब का इस्तेमाल किया जा रहा है। उक्त आरोपीगणो मे धर्मेन्द धुर्वे निवासी सिवनी के विरूद्ध लगभग आधा दर्जन अपराध दर्ज है। प्रकरण मे जप्त शुदा वाहनो के राजसात हेतु कार्यवाही की जा रही है। आगे भी अवैध शराब बिक्री एवं शराब तस्करी पर शक्ति जारी रहेगी। **गिरफ्तार आरोपी** मे दुर्गाप्रसाद पिता सुखलाल मरकाम उम्र 32 साल निवासी रजौला थाना कुरई जिला सिवनी, संदीप पिता सुरेश उइके उम्र 32 साल निवासी ग्राम रजौला थाना कुरई , सुशील पिता सुरजलाल सोहाने उम्र 28 साल निवासी सुकतरा थाना कुरई , 04. धर्मेन्द्र पिता मंगलसिंह धुर्वे उम्र 32 साल निवासी शनि मंदिर लकडी टाल के पास सिवनी। सराहनीय कार्य थाना प्रभारी कोतवाली सतीश तिवारी उनि राहुल काकोडिया, सउनि जयदीप सेंगर, प्रआर 206 रामअवतार डहेरिया, प्रआर नवीन तिवारी, आर प्रतीक बघेल, आर अजय मिश्रा, आर सिद्धार्थ दुबे, आर गुलाब आर इरफान खान आर रत्नेश, आर रविन्द्र, आर गौरीशंकर आर मनोज की सराहनीय भूमिका रही ।

# जिले में फैला क्रिकेट सट्टा का मकड़ज़ाल चंगुल में फंसकर युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही

**जिले में क्रिकेट के सट्टा का मकडज़ाल तेजी से फैल रहा है और इसके चंगुल में फंसकर जहाँ युवा पीढ़ी बुरी तरह बर्बाद हो रही है वहीं अनेक परिवार आर्थिक रूप से बुरी तरह टूट गये है अनेक नामी अमीर और व्यापारी सट्टा जुआ के जाल में फंस कर सड़क पर आ गये है।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

क्रिकेट का सट्टा तेजी से प्रचलन में है युवा इसके आकर्षण में पड़कर इतनी बुरी तरह फंस रहे है कि इसके जाल से सब कुछ बर्बाद करने के बाद ही उबर पाते है। पिछले कुछ वर्षों में अनेक युवाओं ने इस व्यापार के कारोबारियों के जाल में फंसकर आत्मा हत्या जैसा अप्रिय निर्णय है। सिवनी शहर के अंदर ही अनेक ऐसे परिवार है जिनके परिवार के युवाओं ने सट्टा कारोबारियों के जाल में फंस कर आत्म हत्या की है बताते है कि आँन लाईन क्रिकेट के सट्टे का कारोबार करने वाले माफिया इतनी गुंडागर्दी और शातिर तरीके व्यापार कर रहे है कि कानून भी इनका कुछ नहीं बिगाड़ पा रहा है। शहर के ही अनेक परिवार सट्टा कारोबारियों के दंश को झेल रहे है। इन सट्टा कारोबारियों के व्यापार में उधारी का काम भी बड़े पैमाने पर किया जाता है और जानकारी तो यह है कि ऑन लाईन सट्टे के कारोबारी करोड़ो रूपये का व्यापार पूरी तरह उधारी में ही करते है। जानकार बताते है कि क्रिकेट मैचों पर सट्टे के दाँव उधारी में लगते है परंतु 12 घंटे में राशि नहीं मिलने पर उस राशि पर ऊंची दर ब्याज का मीटर प्रारंभ हो जाता है जो इतनी तेजी से चलता है कि बड़े व्यापारी और खानदानी अमीर भी उस ब्याज की राशि देने में कांप जाते है और इस राशि की वसूली इतनी गुंडागर्दी से की जाती है कि या तो संबंधित सब कुछ बेचकर राशि अदा करता है या फिर आत्मा हत्या करने के सिवाय उसके पास कोई रास्ता नहीं होता। इस व्यापार में जो कारोबारी जुड़े हुये है उन्हें राजनैतिक चोले भी ओढ रखा है और उनकी पहुँच भी लंबी है उनसे सामान्य आदमी उलझने की हिम्मत भी नहीं करता ।

# प्राचीन सूर्य मंदिर में पाटोत्सव का आयोजन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के प्राचीन सूर्य मंदिर में 13 जून को पाटोत्वस का आयोजन किया जा रहा है। जहां विशेष अनुष्ठान किया जायेगा। सूर्य देव मंदिर के पुजारी ने जानकारी देते हुए बताया कि सुबह के समय पंडित नीरज तिवारी, आशु तिवारी और विपिन तिवारी की ओर से गणेश गौरी पूजन, ध्वजारोहण हवन का आयोजन कर सूर्य अभिषेक, सर्याचर्न, सूर्याघ्य, सूर्य कवच, आदित्य हृदय स्त्रोत का पाठ किया जाएगा। धार्मिक आयोजनों के साथ ही गुरुवार शाम 4 बजे सूर्य भगवान की आरती की जाएगी। साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इस धार्मिक कार्यक्रम में आरती, भंडारा प्रसाद का वितरण के बाद पौधारोपण किया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में रात्रि के समय भजन संध्या का आयोजन होगा। धार्मिक महत्व के इस कार्यक्रम में समस्त धर्म अनुरागियों से मंदिर के कार्य करने वाले श्रद्धालु सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, संतोष अग्रवाल, कमल अग्रवाल, पदम सनोडिया, बीएल सनोडिया, नरेन्द्र टांक, पप्पी मेहरोलिया, सुरेन्द्र शर्मा, रामप्रसाद डहेरिया, पंकज जैन, अजित कुमार जैन, विजय मिश्रा, गौतम सनोडिया

# बेकाबू ट्रक ने सड़क के किनारे खड़े ट्रक को मारी टक्कर, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र के NH 44 पर मड़ई घाटी के पास एक बेकाबू ट्रक ने सड़क के किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में 1 व्यक्ति घायल हो गया, जिसे लखनादौन अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार लखनादौन के राष्ट्रीय राज्य मार्ग 44 पर मड़ई घाटी के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक में बेंगलोर जा रहे ट्रक ने बेकाबू होकर पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी लखनादौन पुलिस को दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस की मदद से घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया। जहां उसका इलाज जारी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 2 बाइकों की आपस में भिड़ंत दो घायल

जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले पनारझिर ग्राम के पास मंगलवार रात के समय एक सड़क हादसा हो गया। जहां 2 बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 2 लोग घायल हो गए। जिनमें से एक व्यक्ति को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार रात 2 बाइकों में सवार होकर चालक कही जा रहे थे। जब वह पनारझिर के समीप पहुंचे तो आपस मे टकरा गए। टक्कर इतनी तेज थी दोनों घायल हो गए। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने घंसौर पुलिस और 108 वाहन में दी। जिसके बाद घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया और गंभीर घायल रामदास पिता सीताराम निवासी घंसौर को मेडिकल कालेज जबलपुर रेफर कर दिया गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस घटनाक्रम की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। पुलिस लगातार लोगों को समझाइश दे रही है कि यातायात के नियमों का पालन करें। सावधानी पूर्वक वाहन चलाए और वाहन चलाते समय हेलमेट पहने। बावजूद इसके लोग लापरवाही बरत रहे हैं और हादसे का शिकार हो रहे हैं।

# जिले में 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट में रोक

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल द्वारा वर्षा ऋतु में मछलियों की वंश वृद्धि (प्रजनन) की दृष्टि से उन्हें संरक्षण देने हेतु राजा को सभी प्रकार के जल संशाधनों में म.प्र. नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा-3 (2) के अंतर्गत 16 जून से 15 अगस्त की अवधि को बंद ऋतु (Close season) घोषित करने के आदेश जारी किए गए हैं। इस अवधि में सभी प्रकार का मत्स्याखेट (Fishing) पूर्णत निषिद्ध किया गया है साथ ही मत्स्य विक्रय या मत्स्य विनिमय अथवा मत्स्य परिवहन करना पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा।

यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा इन नियमों का उल्लंघन किया जाता है तो मध्यप्रदेश मत्स्य क्षेत्र (संशोधन) अधिनियम 1981 की धारा-3 के तहत उल्लंघनकर्ता को एक वर्ष का सश्रम कारावास या 05 हजार रूपये के जुर्माने अथवा दोनों से दण्डित किये जाने का प्रावधान है।

जन साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अवधि में किसी भी प्रकार का मत्त्याखेट न तो स्वय करें और न ही इस कार्य में अन्य व्यक्ति को सहयोग दें । जारी आदेशानुसार छोटे तालाब या अन्य जल स्त्रोत जिनका संबंध किसी नदी से नहीं है और जिन्हें निर्दिष्ट जल की परिभाषा के अंतर्गत नहीं लाया गया है, उनमें यह नियम लागू नहीं होगे।

# आकाशीय बिजली गिरने से तीन की मौत, मृतक के परिजनों से मिलने पहुंचे विधायक प्रभारी, कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक

**सिवनी विकासखंड के मंगलवार 11 जून को ग्राम जमुनिया में आकाशीय बिजली गिरने से 3 व्यक्ति क्रमशः राजाराम जंघेला, मंगल जंघेला एवं बसंत जंघेला का आकस्मिक निधन हो गया। साथ ही 4 अन्य व्यक्ति घायल हो गए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।





जिनका उपचार जिला चिकित्सालय में जारी हैं। प्रभारी कलेक्टर एवं सीईओ जिला पंचायत नवजीवन विजय एवं पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह ने जिला चिकित्सालय पहुँचकर उपचाररत मरीजों एवं शोकाकुल परिवारजनों से भेंट की। उन्होंने मृतको के परिजनों को नियमानुसार अंत्येष्टि सहायता उपलब्ध कराते हुए आरबीसी 6-4 पात्रतानुसार त्वरित राहत राशि उपलब्ध कराने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए हैं। विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पीड़ित परिजनों से किया मिले सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने पीड़ित परिजनों से मिलाकर संवेदना व्यक्त किया। गत दिवस विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बकोडी व जमुनिया मे आकाशीय बिजली गिरने से मृत हुए राजाराम जंघेला , शशोभे जंघेला एवं बसंत जंघेला के परिजनों से आज विधायक दिनेश राय मुनमुन ने जिला चिकित्सालय के मर्चुरी परिसर मे मुलाकात कर संवेदना व्यक्त किया। तथा स्वयं की ओर से आर्थिक सहयोग किया।इसके अलावा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने गत दिवस कलेक्टर सभा कक्ष मे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव जी से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के जिलों मे स्कूल चलें हम अभियान एवं योग दिवस की तैयारियों को लेकर चर्चा किया।

# जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति बैठक में बाल श्रम की रोकथाम को लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

विश्व बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बालक एवं कुमार श्रम जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति एव बंधक श्रम सतर्कता समिति की बैठक का आयोजन अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण्डायत एवं श्री राजेश कुमार सक्सेना जिला विधिक सहायता अधिकारी के मार्गदर्शन में कार्यालय कलेक्टर सभाकक्ष में सम्पन्न हुई।

बैठक में टास्क फोर्स एवं सतर्कता समिति के सदस्यगण, जिला शिक्षा अधिकारी, आयुक्त जनजाति कार्य विभाग, प्रबंधक लीड बैंक, महिला एवं बाल विकास कार्यालय से प्रतिनिधी विशेष किशोर पुलिस ईकाई, एन.जी.ओ. से सक्रिय कार्यकर्ता, जनअभियान परिषद के कार्यकर्ता, एवं विभाग के निरीक्षक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें। बैठक में न्यायाधीश द्वारा जून माह में चलाया जा रहें बाल श्रमिको की विमुक्ति एवं पुनर्वास हेतु विशेष अभियान के प्रभावी एवं सुधार क्रियान्वयन हेतु महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए बाल एवं कुमार श्रम में संलग्न बाल एवं कुमारों के पुनर्वास के साथ-साथ उनके अभिभावको को भी उनके कौशल अथवा रूचि को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही यथासंभव योजनाओं लाभान्वित कर बालक श्रम जैसी कुप्रथा से मुक्त कर अपना स्वयं का छोटा-मोटा व्यवसाय जैसे बढई कार्य, वाईट वॉश, पैंटिग कार्य, प्लबिंग कार्य, इत्यादि जैसे कार्य में अवसर उपलब्ध कराया जाकर उन्हें सतत प्रयासों के तहत मुख्य धारा से जोडने हेतु प्रयास करना चाहिए तथा विभाग द्वारा इनकी सतत मॉनिटरिंग भी किया जाना चाहिए जिससे वे पुनः बाल श्रम जैसी स्थिति में ना जा पाये। इसके साथ ही बालको का ऐसे कार्यो के नियोजन जिसमें विशेष रूप से उनके शारीरिक एवं मानसिक विकास में अवरोध उत्पन्न हो सकता है, पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। इसके पश्चात समिति के सदस्यों द्वारा बाल-श्रम निषेध हेतु अपने विचार एवं सुझाव साझा किये गए। अतं में अपर कलेक्टर द्वारा बाल एवं कुमार श्रम के संबंध में जानकारी देते हुए जिले के क्षेत्र विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एक सुनियोजित एस.ओ.पी एवं रूप रेखा तैयार का सभी सदस्यों एवं अशासकीय सदस्यों के सहयोग से बाल श्रम जिले से समाप्त किये जाने की दिशा में संयुक्त प्रयास कर अभियान को सफल बनाए जाने के निर्देश दिये गये है।

# जिलास्तरीय रोजगार मेला 20 को जनपद पंचायत सिवनी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिला रोजगार अधिकारी द्वारा जानकारी दी गई कि कलेक्टर ी क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार जिला प्रशासन और जिला रोजगार कार्यालय सिवनी के संयुक्त तत्वाधान में 20 जून 24 को जनपद पंचायत सिवनी में जिला स्तरीय रोजगार मेलें का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेला में देश एवं प्रदेश की विभिन्न कंपनी द्वारा साक्षात्कार के माध्यम से ट्रेनी, मशीन ऑपरेटर, सुरक्षा गार्ड, सुपरवाइजर, बीमा एजेंट, सेल्स एक्सिकेटिव, कॉल सेन्टर, ऑपरेटर आदि पदों पर भर्ती की कार्यवाही कर जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराये जायेंगे। 18 से 35 वर्ष आयु सीमा के इच्छुक आवेदक जो कक्षा 5 वीं, 8 वीं, 10 वीं, 12 वी, आईटीआई और स्नातक तक उत्तीर्ण हैं। अपने समस्त प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, रोजगार पंजीयन, अंकसूची एवं दो पासपोर्ट साइज की फोटो लेकर मेले में उपस्थित होकार लाभ ले सकते हैं। इस हेतु मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# तंबाकू निषेध अभियान अंतर्गत धूम्रपान करने वालों पर की गई चालानी कार्यवाही

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री ठाकुर ने बताया जानकारी देकर बताया कि राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिवर्ष 31 मई को विश्व तंबाकू निषेध दिवस के रूप में मनाया जाता है। जिसमें तंबाकू के सेवन से होने वाले शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभावों के प्रति आमजन को जागरूक किया जाता है। 31 मई विश्व तंबाकू दिवस के तहत तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों से अवगत कराने तथा तंबाकू छोड़ने के फायदे के संबंध में नागरिकों को जागरूक करने हेतु मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जयपाल सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में तम्बाकू निषेध दिवस पर रैली, शपथ, हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीएमएचओ द्वारा शपथ दिलाई गई कि तंबाकू उत्पादों का उपयोग या सेवन नहीं करने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाया गया एवं उपस्थित आमजनों को संकल्प दिलाया गया कि तंबाकू का सेवन नहीं करेंगे। उन्होंने बताया कि तंबाकू के सेवन से गंभीर रोग जैसे फेफडे का कैंसर, मुंह का कैंसर, प्रोटेस्ट कैंसर हो सकता है। जो व्यक्ति तंबाकू का सेवन छोड देता है तो 20 मिनट में हार्ट रेट एवं ब्लड प्रेशर समान्य हो जाता है तथा 12 घंटे में कार्बन मोनोक्साइड का स्तर समान्य हो जाता है एवं 2 से 12 हफ्ते में सरकुलेशन बेहतर होता है और फेफडों की क्षमता बढने लगती है। इसी प्रकार 1 से 9 महीने में खांसी की तकलीफ कम हो जाती है। सेहतमंद जीवन एवं तंबाकू छोडने के लिए 1800112356 पर कॉल कर सकते हैं। इसी क्रम में भोमा, कान्हीवाडा में बुधवार 12 जून को निरीक्षण एवं पर्यवेक्षक दल द्वारा तंबाकू निषेध कार्यक्रम अंतर्गत धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों को समझाईश दी गई एवं धारा 6 के अंतर्गत स्कूल के आसपास 100 गज की दूरी वाली 17 दुकानों पर 3 हजार 4 सौ रूपये एवं धारा 4 के अंतर्गत 3 सौ की इस प्रकार कुल 3 हजार 7 सौ की चालानी कार्यवाही स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा की गई। जिसमें तंबाकू जिला नोडल अधिकारी श्रीमती शांति डहरवाल सहित अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

# पोषण तत्वों से भरपूर एक उत्तम जैविक खाद है बर्मीकंम्पोस्ट

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कृषि विज्ञान केंद्र सिवनी मे कृषि कौशल विकास परियोजना अंतर्गत तीन दिवसीय वर्मीकंपोस्ट उत्पादन तकनिकी विषय पर प्रशिक्षण का आयोजन दर्पण सभागार में आयोजित किया गया, इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. शेखर सिंह बघेल ने कहा कि केंचुआ प्रकृति द्वारा प्रदत्त एक अनुपम उपहार है, जो की जैविक कचरे को संपूर्ण नष्ट कर गुणवत्ता से पूर्ण खेती के लिए सर्वोत्तम खाद प्रदान करते हैं हमारे किसान भाइयों को केंचुआ खाद उत्पादन तकनीक पर विशेष रूप से ध्यान देते हुए प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए एवं इस क्षेत्र में स्वरोजगार की दृष्टिकोण से आगे बढ सकते हैं साथ ही प्राकृतिक खेती, जैविक खेती को बढाने में यह केचुआ एवं केंचुआ खाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

कृषि कौशल विकास परियोजना के नोडल अधिकारी डॉ. के के देशमुख वैज्ञानिक ने बताया कि यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण में समस्त किसानों को केंचुआ खाद की उत्पादन तकनिकी पर संपूर्ण सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा युवाओं को आत्मनिर्भर व स्वरोजगार से जोडने एवं स्टार्टअप स्थापित करने के लिए कृषि विज्ञान के सिवनी के वैज्ञानिकों द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है जिसमे केंचुआ खाद या वर्मीकंपोस्ट क्या है तैयार करने की तकनीक, उपयोगी केंचुए की प्रजातियां केंचुआ खाद उत्पादन में प्रमुख सावधानियां, उपयोग एवं महत्वपूर्ण लाभ हेतु जानकारी से अवगत कराया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन डॉ. के. के. देशमुख एवं आभार प्रदर्शन इंजी. कुमार सोनी द्वारा किया गया, इस दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ. एन. के. सिंह वैज्ञानिक, डॉ. राजेंद्र सिंह ठाकुर वैज्ञानिक, डॉ. जी. के. राणा., इंजी. कुमार सोनी एवं करूणा मेश्राम द्वारा तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण हेतु श्रीमति आभा श्रीवास्तव, चंचला शिव ,श्री शुभम झारिया, श्री शिवशंकर मिश्रा, श्री हिमांशु कुमारे, श्री हिमेश गढेवाल, श्री नीत लाहौरी, श्री जयंशकर गौतम एवं कृषि विज्ञान केन्द्र, सिवनी के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति रहीं।

# जल स्त्रोतों की साफ-सफाई एवं पुर्नजीवन गतिविधियों में नागरिकगण बढचढकर ले रहे हिस्सा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान" अंतर्गत नदी, नालों और, तालाब, झील, कुंआ, ऐतिहासिक जल संरचनाओं बावड़ी आदि जल स्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए जल स्रोतों की साफ-सफाई एवं गहरीकरण कार्य किया जा रहा है।

अभियान के परिपेक्ष्य में बुधवार 12 जून को जिले के 08 विकासखण्ड के ग्रामों तथा नगरीय क्षेत्रों में जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन की दिशा में कार्यवाही की गई। विकासखण्ड धनौरा में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति घोघरीमाल द्वारा ग्राम सर्रा में नदी की सफाई का अभियान चलाया गया जिसमें क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं समिति के सभी सदस्य गणों की सहभागिता रही। ग्राम पंचायत साजपानी में कूप सफ़ाई एवम मरम्मत कार्य किया गया। ग्राम पंचायत सुनवारा में भी जल स्त्रोतों की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों तथा आमजनों ने जल स्त्रोतों की साफ-सफाई में अपनी सहभागिता की तथा इन स्त्रोतों को सवांरने एवं सहजने का प्रण लिया। इसी क्रम में लखनादौन एवं बरघाट नगरीय क्षेत्र में भी निकाय के कर्मचारियों द्वारा जल संरचनाओं, पुराने कूपों तथा नालियों की साफ-सफाई की गई।

अभियान के परिपेक्ष्य में जन-जागरूकता गतिविधियां भी लगातार जारी हैं, स्थानीय महिलाऐं कलश यात्रा, जागरूकता रैली से जहां जल संरक्षण की दिशा में क्रांति का संचार कर रही हैं, वहीं कॉलेजों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर युवा वर्ग को भी अभियान से जोडा जा रहा है।

### डूब प्रभावी क्षेत्रों में जारी है प्रशिक्षण सह जनजागृति कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार होमगार्ड एवं आपदा प्रबंधन विभाग के दल द्वारा जिले के डूब प्रभावी क्षेत्रों में आपदा को लेकर प्रशिक्षण सह जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी क्रम में विगत दिवस मगरधा, कटिया, बक्शी, भिलाई ग्राम में दल द्वारा आपदा के समय नुकसान क्षति आदि से निपटने के लिए जनजागृति कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा ग्रामीणों को आपदा के दौरान की जाने वाली कार्यवाही के बारे में अवगत कराया गया।

### नवांकुर संस्था देव संस्कृति फाउंडेशन गोपालगंज द्वारा किया गया लखनवाड़ा घाट पर श्रमदान



जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद सिवनी से सम्बद्ध संस्था देव संस्कृति फाउंडेशन द्वारा जिला समन्वयक सौरभ शुक्ला जी एवम ब्लॉक समन्वयक श्रीमती मोनिका चौरसिया मैम के मार्गदर्शन में ग्राम लखनवाड़ा में स्तिथ मां बेनगंगा के घाट पर कूड़ा कचरे की सफाई के साथ साथ नदी किनारे स्तिथ गाजर घास जो की हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है को उखड़कर डिस्पोच किया गया। नमामि गंगे अभियान के अंतर्गत नदी ,नालों एवम पारंपरिक जल संसाधनों , तालाब,झील, कुंआ आदि जल स्रोतों के संरक्षण के लिए जल स्रोतों की साफ सफाई एवम गहरीकरण का का कार्य श्रम दान करके किया जाना है । इस अभियान में सामाजिक संघटनो,जन प्रतिनिधियों एवम सीएम सीएलडीपी के छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। देव संस्कृति फाउंडेशन एवम **a to z** संस्था सिवनी ने मिलकर आज का अभियान चलाया ।



### सीलादेही एवं बम्हनी श्रमदान के माध्यम से की गई साफ- सफाई

**सिवनी/सीलादेही/बम्हनी :** जिले के सिवनी जनपद के ग्राम पंचायत सीलादेही एवं बम्हनी में जल गंगा संवन्वर्धन अभियान में ग्राम पंचायत के योगेश सनोडिया, सचिव राहुल यादव, पंच ललिता बट्टी, एवं बम्हनी ग्राम पंचायत के सरपंच शिवकरन डहेरिया,सचिव छतरसिंह सनोडिया, सहितअन्य ग्रामीण की उपस्थिति में ग्राम सीलादेही में वैष्णव देवी मंदिर प्रांगण एवं बम्हनी में सफ़ाई कार्य कर श्रम दान कर ग्रामीणों को सफाई व जल की उपयोगिता के प्रति जागरूक किया गया।



### श्री महावीर व्यायामशाला के स्वयंसेवकों ने किया दलसागर में श्रमदान

. सिवनी जिले की गौरवमयी संस्था श्री महावीर व्यायामशाला संगठन सुभाष वार्ड सिवनी ने दलसागर पहुच कर स्वयंसेवकों ने अपना श्रमदान किया ,साफ सफाई की ,संस्था के अध्यक्ष प्रसन्न चंद मालू ने उपस्थित स्वयंसेवकों को बताया कि यह दलसागर हमारे जिले की शान है इस दलसागर से हमारे सिवनी की पहचान है यहां से हमारी आस्था जुड़ी है हमारा सौभाग्य है कि हमे इसकी सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ हुआ है। संस्था के संचालक धीरज पाल ने स्वयंसेवकों को बताया कि हमारे द्वारा किया जा रहा श्रमदान अन्य के लिए प्रेरणा दाई होगा की हम अपने शहर के लिए कितने जागरूक है सभी जाग्रत होंगे ।

## खबर संक्षेप




### विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर चाईल्ड केयर हेल्पलाईन की दी जानकारी

**बालाघाट।** शासकीय जटाशंकर त्रिवेदी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. पीआर चंदेलकर के मार्गदर्शन से बुधवार 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस कार्यक्रम मनाया गया। जिसमें महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को बाल श्रम एवं उसके दुष्परिणामों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्रो. आरके त्रिवेदी, प्रो. तृप्ति सोनी, प्रो. परसराम ठाकरे, श्री जे.एम. चतुर्वेदी द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया। साथ ही चाईल्ड केयर हेल्प लाईन की जानकारी उपलब्ध कराते हुए एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। जो कि चाईल्ड केयर हेल्प लाईन नम्बर 1098 के प्रयोग की प्रक्रिया बताती हैं।

### बहते जल को बचाने में 30 दिनों से जुटे मनरेगा मजदूर

**बालाघाट।** जल गंगा संवर्धन अभियान 5 जून से प्रारम्भ हुआ है। लेकिन मनरेगा अंतर्गत जिले में ऐसे 5507 कार्य प्रारम्भ हुए है जो सीधे जल संरक्षण के लिए कार्य करेंगे। मनरेगा मद से ही लांजी जनपद के पोसेरा के वनीय क्षेत्र में एक ऐसा ही अनोखा लघु तालाब बनाने का कार्य आज से 30 दिनों पूर्व प्रारम्भ हुआ था। जो अब पूर्णता की ओर है। जनपद पंचायत सीईओ सफी मोहम्मद कुरैशी ने बताया कि पोसेरा के वनीय क्षेत्र में लघु तालाब बनाने के लिए हर दिन 60 से 65 मजदूर जुटे हुए है।

## विधायक पटेल के आश्वासन के बाद महिलाओं ने किया धरना प्रदर्शन समाप्त

# बुदबुदा में बिक रही कच्ची-पक्की शराब के खिलाफ महिलाओं ने किया धरना प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**

जनपद पंचायत वारासिवनी के अंतर्गत ग्राम पंचायत बुदबुदा में जगह-जगह बिक रही अवैध कच्ची, पक्की शराब के कारण ग्रामीणों में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा हैं। जिसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा सैकड़ों बार आबकारी विभाग सहित वारासिवनी पुलिस अधिकारियों को की गई। मगर उनके द्वारा सिर्फ खानापूर्ति की कार्यवाही कर शराब बेच रहे लोगों पर कार्यवाही की जाती रही हैं। नाम मात्र की कार्यवाही के चलते ग्राम बुदबुदा के आशादीप जनअभियान समिति की सैकड़ों महिलाओं ने बीच सडक़ पर कुर्सी पर बैठकर चक्का जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर शराब बेच रहे लोगों पर कार्यवाही करने की मांग की गई।

### लगभग एक घंटे बंद रहा वारासिवनी-कटंगी मार्ग

इस बात की जानकारी मिलते ही वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल, नायब तहसीलदार मंजूला महोबिया, थाना प्रभारी बी वी तांडिया ग्राम बुदबुदा पहुँचे और चकाजाम में बैठी आशादीप समूह की महिलाओं से चर्चा कर शराब बेच रहे लोगों पर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद महिलाओं द्वारा चकाजाम समाप्त किया गया।

### ग्राम बुदबुदा में जगह-जगह बिक रही कच्ची पक्की शराब

ग्रामवासियों की माने तो गाँव में जगह-जगह बिक रही कच्ची, पक्की अवैध शराब को जल्द बंद कराया जाये, जगह-जगह शराब बिकने से युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही हैं, गाँव में शराब बंद कराने को लेकर कई बार अधिकारियों को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया। मगर किसी भी अधिकारियों ने कोई कार्यवाही अभी तक नहीं की गई हैं, जिसके बाद महिलाओं ने अपना आक्रोश प्रशासन को दिखाया।

### शिकायत के बाद भी अधिकारी नहीं करते कार्यवाही-ललिता

आशादीप जनअभियान समिति की महिला अध्यक्ष ललिता मेश्राम ने बताया कि हम सब ग्रामवासी महिलाओं ने अपने ग्राम में शराब बंदी बंद कराने के लिए समिति का गठन किया था और सभी चाहते हैं कि ग्राम में किसी भी प्रकार की शराब बिक्री ना हो और शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाये, कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार का नशा ना करे, ग्राम के हर घरों में कच्ची, पक्की शराब अवैध रूप से बेची जा रही हैं, जिसकी वजह से नई युवा पीढ़ी बर्बाद हो रही है और आये दिन ग्राम में झगड़े बढ़ रहे हैं। हमारी मांग है कि ग्राम से शराब बिक्री जल्द बंद की जाये, कई बार शिकायत की गई हैं, मगर प्रशासन द्वारा नाम मात्र की कार्यवाही कर खानापूर्ति की गई, जिसके कारण हमने आज धरना प्रदर्शन किया हैं। हमारी जो मांग हैं, उस पर कार्यवाही की जाये।

### ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह बिक रही शराब की करे शिकायत, अधिकारी नहीं करे कार्यवाही तो मैं आपके साथ खड़ा रहूंगा- विवेक पटेल

विधायक विवेक पटेल ने कहा कि हमें लगातार ग्रामीण क्षेत्रों से गाँव में जगह-जगह अवैध रूप से बिक रही कच्ची, पक्की शराब की शिकायतें मिल रही हैं। कुछ दिन पूर्व ग्राम बुदबुदा की सैकड़ों महिलायें शिकायत लेकर पहुंची थी। हमने आबकारी अधिकारी संदीप श्रीवास को बुलवाकर ग्रामीणों के सामने चर्चा की थी। अधिकारियों द्वारा उन पर नाम मात्र की कार्यवाही की गई थी। जिसके बाद ग्राम बुदबुदा में सैकड़ों महिलाओं ने धरना प्रदर्शन किया। मेरे द्वारा उन्हें आश्वासन दिया गया हैं कि जल्द ही शराब बेचने वालों पर कार्यवाही की जायेगी। जिसके बाद महिलाओं ने धरना प्रदर्शन समाप्त किया हैं।

### ये रहे मौजूद

आशादीप जनअभियान समिति की महिला अध्यक्ष ललिता मेश्राम, उपाध्यक्ष ललिता जमरे, सचिव सोनम कावरे, योगिता कावरे, हेमलता नागेश्वर, लता ठाकरे, हेमलता बावने, इंदु मेश्राम, डेवश्वरी वरकड़े, सरिता ठाकरे, रीता हरिनखेड़े, रेखा कुर्वे, अनुपा आचरे, रीना कोसरे, मीना बाहेश्वर, मनीषा गेड़ाम, लक्ष्मी राहंगडाले, लीला सोनवाने, संगीता वघाड़े, सीमा बांगड़े, अनिता ठाकरे, देवनबाई पटले सहित सैकड़ों महिलायें मौजूद रही।

## विपणन अधिकारी की दूषित मानसिकता उजागर - मनीषा भगत

# एसोसिएशन अध्यक्ष से विवाद, रडार पर रिश्तेदार भी

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

जिला विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी के द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए तानाशाही रवैया अपना रहें हैं। बीते कल भगत राईस मिल का आरओ काटने से विपणन अधिकारी ने मना कर दिया जबकि अन्य मिलर्सों के आरओ काटे गये हैं। उक्त बाते भगत राईस मिल की संचालिका मनीषा स्व. डार्सल भगत के द्वारा बताया गया। पिछले दिनो 4 मई की घटना को लेकर विपणन अधिकारी हिरेन्द्र रघुवंशी निजी प्रतिशोध लेने की मंशा से भगत राईस मिल संचालिका को प्रताड़ित कर रहें हैं। जिला कलेक्टर को घटना के संबंध में विपणन अधिकारी ने जो पत्र



हिरेन्द्र रघुवंशी, जि.वि.अ.


मनीषा भगत, संचालिका

लिखा हैं, उस पत्र में विपणन अधिकारी ने स्वयं स्वीकार किया हैं क्ि मोनू भगत जो कि एसोसिएशन अध्यक्ष हैं। मालिक की हैसियत से आते हैं जो कि प्रतिनिधी भी नहीं हैं।

घटना वाले दिन उपरोक्त संचालिका एवं उनके प्रतिनिधि निरंजन बिसेन कार्यालय में नही आये थे, फिर भी अधिकारी के द्वारा संचालिका का आरओ रोकना तथा उन्हें प्रताड़ित करना विपणन अधिकारी का अब निजि प्रतिशोध लेना प्रतीत होता हैं।

संगठन ने जिला प्रशासन से ऐसे तानाशाही अधिकारी का स्थानांतरण अन्यत्र करने की मांग की हैं ताकि जिले में मिलर्स शांतिपूर्ण रूप से कार्य कर सके तथा शासन प्रशासन का मिलर्सों को सहयोग मिलें।

# आदर्श दानपत्र सेवा समिती ने गरीब जरूरतमंद परिवारों को सामग्री का किया वितरण

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

आदर्श दानपात्र सेवा समिति में 12 जून को ग्राम नेवरगांवकला के समीप झुग्गी झोपड़ी में रह रहे परिवार जो कि झाड़ू बनाकर अपना जीवन यापन करते हैं, इन परिवारों में रह रहे कुछ मासूम बच्चे भी है, जो अपने माता-पिता की सहायता झाड़ू बनाकर करते हैं, आदर्श दानपात्र सेवा समिति के सदस्य जरूरतमंद परिवारों से मिले तो पता चला कि जब उनका काम - काज नहीं चल रहा है, तो उन्हें राशन, कपड़े बच्चों की पढ़ाई से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ता है, इसीलिए वह अपने कुछ बच्चों को नहीं पढ़ पा रहे हैं, इन्हीं सभी समस्याओं को देखते हुए आदर्श दान पात्र सेवा समिति ने उनके पालकगणों से चर्चा कर उन्हें



समझाया कि मासूम बच्चों से इस उम्र मे यह सब कठिन काम ना करवाते हुए उनके स्वास्थ्य एवं पढ़ाई लिखाई पर ज्यादा ध्यान दें। आदर्श दानपात्र सेवा समिति एवं जन सहयोग से गरीब परिवारों को कपड़े, राशन, फल, जूते, सेनेटरी पैड, साड़ी, स्टेशनरी किट का वितरण किया गया। आदर्श दान पत्र सेवा समिति दानदाता आशालता वैद्य, ज्योति भीमटे, माया ऊके, प्रियंका जैन, सविता खंडवाहे , कविता चौहान, उषा संभारकर, अनूप गुप्ता, रोहित डोंगरे, आलोक श्रीवास्तव, अभिनंदन खत्री, संस्कार घरडे, सागर शेंडे, बलिराम घरते एवं समिति के सभी सदस्यों का भरपूर सहयोग रहा।

### बैहर से परसवाड़ा रोड पर एक स्विफ्ट कार पेड़ से टकराई

**बालाघाट।** बैहर से परसवाड़ा मार्ग पर झारा के समीप एक स्विफ्ट कार अन्यत्रित होकर पेड़ से टकरा गई, जिसमें सवार एक महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई,वहीं तीन लोग घायल हो गए हैं,बताया जा रहा है कि शिक्षक ओम चंद्रे परसवाड़ा निवासी अपने परिवार के साथ बैहर जा रहे थे, जो परसवाडा से बैहर मार्ग झारा के समीप कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गयी जिससे कार में सवार 85 वर्षीय महिला की घटना स्थल पर ही मौत हो गई है, वही कार में सवार अन्य तीन लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिन्हें स्वास्थ्य केंद्र बैहर में प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है, बताया जा रहा है कि कार में सवार सभी एक ही परिवार के सदस्य हैं।फिलहाल पुलिस घटना स्थल पहुंचकर महिला की शव कब्जे में लेकर जांच में जुट गई है।

# लाईट हॉउस, नोडल हॉउस के रुप में चयन होने पर सीएम राइज़ बालाघाट में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

शैक्षणिक सत्र 2022-23 से प्रदेश स्तर पर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करते हुए 274 सीएम राइज़ विद्यालय की स्थापना समस्त संसाधनों से परिपूर्ण गुणवत्तायुक्त शिक्षा के उद्देश्य से की गई है। इन्हीं में से 68 सीएम राइज़ विद्यालयो को प्रदेश स्तर पर नोडल विद्यालय के रुप में तैयार किया जा रहा हैं । नोडल विद्यालय में जिलें व ब्लॉक के नवीन स्वीकृत सीएम राइज़ विद्यालयों, पीएम श्री विद्यालयों एवं अन्य विद्यालय के स्कूल लीडर्स व स्टॉफ को शैक्षणिक भ्रमण कराया जायेगा। जिससे कि इन विद्यालयों में शैक्षणिक व सहशैक्षिक गतिविधियों को बेहतर ढंग से संचालन हो सके। इसी कड़ी में सीएम राइज़ विद्यालय के प्राचार्य, उपप्राचार्य, प्रधानपाठक व समस्त शिक्षकों की उपस्थिति में एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन मंगलवार को प्रातः 09 से 05 बजे के मध्य किया गया। लाईट हॉउस, नोडल स्कूल अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में पीपल ग्रुप के प्रशिक्षक मोनु पटेल, मोहम्मद नूरूद्दीन, श्री राम एवं पूर्ति कपूर ने इसके उद्देश्य व आवश्यकता पर विस्तारपूर्वक जानकारी प्रस्तुत की। प्रथम सत्र में सर्वप्रथम उपस्थित शिक्षकों को महाकवि कालिदास, आर्यभट्ट, अनुभूति, सर्वोदय, सृजन, हिमालय, लर्नर व सनराइज आदि समूहों में बांटा गया।

इस प्रकार पाठयोजना के विभिन्न बिन्दुओं जिसमें हुक, कोल्ड कॉलिंग, एक्टिविटी व टीएलएम के प्रयोग को बारी-बारी से समझाया गया व शिक्षकों से पाठयोजना बनाकर समूहवार प्रस्तुतिकरण पश्चात समीक्षा की गई। वहीं द्वितीय सत्र में लाईट हॉउस के उद्देश्य व उसके मानकों को आंकड़ों के माध्यम से विस्तार पूर्वक समझाया गया।

इस अवसर पर सीएम राइज़ प्राचार्य डॉ.युवराज राहंगडाले ने लाईट हॉउस, नोडल स्कूल की गतिविधियों पर अपने विचार व्यक्त किये। कार्यशाला में सहायक संचालक जिला शिक्षा अधिकारी जेडी नायक ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व नोडल स्कूल के कार्यों व उद्देश्य को स्पष्ट किया। संपूर्ण प्रशिक्षण में सीएम राइज़ विद्यालय बालाघाट के उप प्राचार्य साजिद मोहिस ने पीपल ग्रुप के प्रशिक्षकों के साथ सहभागिता करते हुए विभिन्न बिन्दुओं को बहुत ही सरलतापूर्वक समझाने में अपनी सक्रिय भूमिका का निर्वहन किया। कार्यशाला में सभी शिक्षकों के साथ स्कूल लीडर्स उपस्थित रहें।

# तेज आंधी तूफान से मार्ग में गिरे पेड़ों को हटाया वन विभाग के अमले ने

### 7 घंटे तक अवरुद्ध रहा आवागमन, रात्रि 12 बजे तक वन विभाग ने हटाया पेड़

**हरिभूमि न्यूज लांजी।**

लांजी तहसील के सालेटेकारी रोड के अंतर्गत आने वन विभाग के पूर्व क्षेत्र में आई तेज आंधी तूफान ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। कल शाम 5बजे से ही सारी रात तेज हवा व पानी ने कई पेड़ों को उखाड़ दिया। जिससे सड़कें भी अवरुद्ध हो गई। बड़े-बड़े पेड़ भी धराशाई हो गए। तथा साले टेकरी रोड पर लगभग 100 पेड़ उखड़कर सड़क पर गिर गए। जिससे घंटों मार्ग अवरुद्ध रहा।वन विभाग पूर्व की टीम ने निभाई अपनी ड्यूटी, खुद हटाया पेड़लांजी क्षेत्र के आदिवासी अंचल की वन विभाग पूर्व के द्वारा मानवता



की भूमिका निभाती हुई साफ तौर पर देखी गई। जो कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को करना था, उसे वन विभाग ने खुद ही किया। किसी का इंतजार नहीं करते हुए वन विभाग वालों ने खुद ग्रामीणों की सहायता से पेड़ को सड़क से हटाना शुरू कर दिया। साथ ही स्वयं टांगी से पेड़ को काटकर सालेटेकरी सड़क मार्ग से किनारे हटाया, वन विभाग के द्वारा पेड़ हटाने का कार्य लगभग रात के 12 बजे तक किया गया तब जाकर सालेटेकरी मार्ग चालू हो।ग्रामीणों व समाज सेवियों ने की सराहनावहीं आंधी तूफान से साले टेकरी रोड पर गिरे लगभग 100 पेड़ों को हटाने के बाद ग्रामीण व समाज सेवियों ने वन विभाग की सराहना की है व उनके कार्यों के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। ग्रामीणों का कहना है कि जो कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग की टीम को करना था, वह कार्य रात के लगभग 12 बजे तक वन विभाग के ओर से कर दिया गया।

## आपदा प्रबंधन की बैठक सम्पन्न

**बालाघाट।** जिला पंचायत सीईओ डीएस रणदा ने टीएल बैठक के पश्चात बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक ली। बैठक में होम गार्ड से गत वर्षों में ऐसे स्थल व गांव जो बाढ़ से प्रभावित हुए है उनकी सूची खाद्य, बिजली, परिवहन तथा भू-अभिलेख कार्यालय को प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए है। ताकि पूर्व से तैयारी कर आपदा राहत की योजना बनाई जा सकें। साथ ही गोताखोरों की सूची बनाकर उन्हें सूचित भी करे। बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्री रणदा ने निर्देशित किया की संभावित बाढ़ से पूर्व सुरक्षित स्थल को चिन्हित कर लिया जाए।वहां पर प्रभावितों के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ऐसे स्थल चिन्हांकित किये जायें। बाढ़ के समय में उस स्थान तक पहुंचाने का इमरजेंसी प्लान तैयार कर लिया जाए। इसके लिए आवश्यक सभी सामग्रियां पूर्व से ही जुटा ली जाए 1 प्रशिक्षित गोताखोरों की सूची तैयार करने के निर्देश ताकि समय प्रशिक्षित गोताखोरों की सहायता ली जा सके। मॉकड्रिल करने के निर्देश दिये गये और थानो में बाढ आपदा के समय उपयोग आने वाली सामग्रियों की सूची तैयार की जाए। वही सभी सामग्रियां थानो में रखे जाने के निर्देश दिये वही अधिकारियो को सूचना के आदान-प्रदान करने का कम्युनिकेशन प्लान भी तैयार किया जाए। सभी आवश्यक जानकारियां, सूचियां आदि दो दिनों में तैयार कर विभागों को अवगत कराएंगे।बैठक में एएसपी श्री विजय डावर, एसडीएम श्री गोपाल सोनी, जिला परिवहन अधिकारी श्री अनिमेष गढपाले, श्रम अधिकारी सुश्री दामिनी सिंह , होमगॉर्ड विभाग से रजनी खटीक व अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

## एक दिवसीय प्रवास में परसवाड़ा महाविद्यालय पहुंचे विधायक मधु भगत



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** लोकसभा चुनाव के चुनाव परिणाम आ चुके हैं सरकार बन चुकी है साथ ही आचार संहिता भी अब शिथिल हो चुकी है ऐसे में जनप्रतिनिधी अपने अपने कार्य में लग चुके हैं इसी कड़ी मे बीते दिनों पुनः अपने क्षेत्र का जायजा लेने एक दिवसीय प्रवास के दौरान परसवाड़ा विधायक मधु भगत अपने विधायकी क्षेत्र परसवाड़ा पहुंचे । इस प्रवास के दौरान वे उच्च शिक्षा विभाग द्वारा संचालित रानी दुर्गावती महाविद्यालय पहुंचे जहां पर वे छात्र छात्राओ से मुखातिब होते हुए उनकी समस्यायों को जानने का प्रयास किया, वहीं उनकी आर्थिक स्थिति के विषय में जानकारी ली । बताया जा रहा है कि रानी दुर्गावती महाविद्यालय परसवाड़ा के छात्र छात्राओ द्वारा विधायक मधु भगत को महाविद्यालय में छात्रवास निर्माण को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया । ताकि छात्रो का ठहराव महाविद्यालय में हो सके । इस दौरान विधायक मधु द्वारा छात्रों को उच्च शिक्षा से जुड़े सभी तरह के पाठ्य पुस्तकें और सामग्री तथा अन्य उपकरण प्रदाय करने का आश्वासन दिया । वहीं उन्होंने छात्रों को सर्व समाज के हितार्थ कार्य करने की समझाइश दी गई । पढ़ाई के साथ ही छात्रो के सर्वांगीण विकास के अलावा दुसरी अन्य गतिविधियों से अलग रहने को कहा । इस दौरान उन्होंने छात्रों को अपने करियर पर फोकस करने की समझाइश दी ।

# बाल श्रम टास्कफोर्स व बंधक श्रमिक पुर्नवास समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

जिला बाल श्रम टास्कफोर्स व बंधक श्रमिक पुर्नवास समिति की बैठक सह कार्यशाला काबासंयुक्त रूप से कलेक्ट्रेड स्थित सभाकक्ष में जिपं सीईओ श्री डीएस रणदा की अध्यसक्षता में बुधवार को आयोजित की गई। बैठक के दौरान श्री रणदा द्वारा जिले से बहुतायत संख्या में पलायन करने वाले क्षेत्र लांजी से दूसरे राज्यों में जाने वाली बसों का औचक निरीक्षण किये जाने तथा माईनिंग क्षेत्र अन्तर्गत बाल श्रम टास्कफोर्स के साथ संयुक्त रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिये गये। साथ ही जिले की ग्राम पंचायतो से अन्य राज्यों में रोजगार की तलाश में जाने वाले श्रमिकों की विस्तृत जानकारी से संबंधित रजिस्टर संधारण के लिये पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये। बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा बंधक एवं बाल श्रमिक से संबंधित विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। जिसमें बंधक श्रम पद्वति उत्सादन अधिनियम 1976 के अनुसार दोषी पाये जाने पर 02 हजार रूपये जुर्माना एवं 03 वर्ष की सजा दोनो से अधिरोपित किया जा सकता है। इसी प्रकार बाल श्रम प्रतिशेध विनियमन 1986 संशोधित अधिनियम 2016 अनुसार 14 वर्ष से कम आयु के बालकों से किसी भी प्रकार का कार्य करवाना अपराध की श्रेणी में आता है एवं 14 से 18 वर्ष के बालकों से कार्य करवाने से पूर्व श्रम विभाग से अनुमति लेना अनिवार्य है। 14 से 18 वर्ष से कम आयु के बालकों से जोखिम युक्त कार्य एवं 06 घण्टे से अधिक कार्य करवाना अपराध है। बाल श्रम कराये जाने पर दोषियों के विरूद्व अधिनियम की धारा 14 के अन्तर्गत 20 से 50 हजार रूपये के अर्थदण्ड के साथ 06 माह से 03 वर्ष तक का कारावास हो सकता है अथवा दोनो से दण्डनीय किया जा सकता है की जानकारी दी गई।

बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्वीनी कुमार उपाध्याय, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जितेन्द्र धुर्वे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पान्डेय, श्रम पदाधिकारी सुश्री दामिनी सिंह, बाल श्रम के नोडल अधिकारी श्री सुनील कुमार यादव श्रम निरीक्षक, बंधक श्रम पुर्नवास निधि के नोडल अधिकारी श्री राकेश ठाकरे श्रम निरीक्षक आशुतोष दुबे, पुलिस विशेष किशोर इकाई से शयोगेश राहंगडाले, उप पुलिस अधीक्षक महिला अपराध के कर्मचारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग से प्रमोददीप ठाकुर, बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष अनिता खरे, खाद्य आपूर्ति अधिकारी कार्यालय से कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र से श्रीमती प्रीती मर्सकोले, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग से पी.एन. चतुर्वेदी, स्वयं सेवी आवाज संस्था से श्री शिवगिरी गोस्वामी, भारतीय मजदूर संघ की ओर से वाय.के.शुक्ला एवं प्रणय श्रीवास्तव व श्रीमती वीणा कनौजिया समिति सदस्य एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG. |
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com